## खबर संक्षेप



### चैत्र नवरात्र में विराजी मातारानी की प्रतिमाएं

**उमरियापान।** चैत्र नवरात्रि के चलते देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में आना जाना शुरू हो जाता है। चैत्र नवरात्रि में उमरियापान में दो अलग अलग स्थानों पर मातारानी की स्थापना की गई है। उमरियापान के बाजार मोहल्ला हनुमान मंदिर में काली माता की प्रतिमा जबकि कटरा बाजार के वंशकार मोहल्ले में भी दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। मातारानी के पण्डालों में भी सुबह शाम श्रद्धालु हाजिरी लगाकर मातारानी के दर्शन कर पूजन कर रहे हैं। चैत्र नवरात्र पर यहाँ पूरे 9 दिनों तक श्रद्धालु भक्तिभाव से मातारानी का पूजन करेंगे।

### निषादराज जयंती पर कल निकाली जाएगी रैली

**कटनी।** आगामी 2 अप्रैल को निषादराज जयंती मनाई जाएगी। श्याम निषाद ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की इस बार 1 दिन का कार्यक्रम तय हुआ है। वरिष्ठ जनों के नेतृत्व में 2 अप्रैल दिन बुधवार दोपहर 3 बजे से वाहन रैली मंगलम गार्डन दुर्गा चौक कटनी से निकाली जाएगी। यात्रा के पूर्व मंगलम गार्डन दुर्गा चौक में सामाजिक बंधुओं के लिए जलपान स्वल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी, उसके बाद रैली की शुरुआत होगी। रैली खिरहनी दुर्गा चौक मंगलम गार्डन से खिरहनी ओवर ब्रिज के ऊपर से होकर नीचे ब्रिज में टर्न होकर बरही रोड होते हुए स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, रुई बाजार से शेर चौक जुलूस मार्ग, आजाद चौक, चांडक चौक, बसस्टैंड, कुठला, पन्ना मोड़, से इन्द्रानगर निषाद बस्ती के अन्दर सरस्वती स्कूल में रैली का समापन होगा। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम निषादराज की पूजन आरती व बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व भोजन पानी के साथ होगा। समाज के सभी लोगों से आयोजन में हिस्सा लेने की अपील की है।

### देशी और कच्ची अवैध शराब की गई जब्त

**कटनी।** कुठला, कोतवाली एवं स्लीमनाबाद पुलिस ने अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने गर्ग चौराहा अण्डर ब्रिज के पास अजय चौधरी निवासी ग्राम खड़ौला के पास से 18 पाव देशी शराब जब्त की। इसी तरह माधवनगर पुलिस ने ग्राम बिचुआ में रंजीत सरवारी के पास से 18 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जब्त की। इधर कुठला पुलिस ने घुघरा चौकी बिलहरी गुड़िया बाई सनोडिया के पास से 2 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम देवरी कैमोरी में राजेश उर्फ भुनगी निवासी ग्राम देवरी मवई के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जब्त की। बड़वारा पुलिस ने ग्राम किनकिन टोला में बादल कोल के पास से 17 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है।

### जुआ खेलते कई पकड़ाएं, नकदी रूपए किये जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ एवं उमरियापान पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों पर कार्यवाही की है। जुआरियों के पास से नकदी रूपए भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार उमरियापान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोदवारी मोहल्ला में रमेश बर्मन, भगवान दास बर्मन, संतोष निवासी कोदवारी को जुआ खेलते पकड़ा है। इसी प्रकार यहां पर एक और फड़ से हुकमचन्द्र बर्मन, रामकृष्ण बर्मन, जगदीश बर्मन को जुआ खेलते पकड़ा है। उधर उमरियापान पुलिस ने एक और फड़ से अरविंद कोरी, अनिल यादव दोनों निवासी शुक्ल पिपरिया को जुआ खेलते पकड़ा। विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम सनकुई में पंचम सिंह, नीरज सिंह, राज सिंह तीनों निवासी ग्राम पटना को जुआ खेलते पकड़ा है।

### जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बेपरवाही का खामियाजा भोग रहे लोग

# दमकल वाहन सहित बस स्टैण्ड की सुविधा को मोहताज हैं कई तहसीलें

## बस स्टैण्ड की सुविधा नहीं होने से यात्री परेशान, फायर ब्रिगेड नहीं होने से होता है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की अधिकांश तहसीलों में दो दशक से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी महत्वपूर्ण सुविधाएं मुहैया नहीं हो पाई। इन सुविधाओं की कमी का खामियाजा न सिर्फ किसानों बल्कि आमजनों एवं यात्रियों को भी भोगना पड़ रहा है। ढीमरखेड़ा, बड़वारा, रीठी, स्लीमनाबाद, क्षेत्रों में आज तक न तो स्थायी बस स्टैण्ड की सुविधा मुहैया हो पाई है न ही दमकल वाहन की। जनप्रनिधियों की बेपरवाही एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते लोग मुसीबतों का दंश झेल रहे हैं।



### सड़क किनारे खड़ी होती हैं बसें

तहसील क्षेत्रों में स्थायी बस स्टैण्ड की सुविधा नहीं होने से यात्रियों को तिराहे चौराहों या फिर सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। तिराहे चौराहों या फिर मुख्य मार्ग में बसों से यात्रियों के उतरने व चढ़ने के दौरान आवागमन भी प्रभावित होता है। कई बार लोग हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। अलग अलग मौसम में यात्रियों को अलग अलग तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### अग्नि हादसों में नुकसान

गर्मियों के मौसम में आग लगने की घटनाओं में इजाफा होता है। भीषण गर्मियों में छोटी सी चिंगारी भी शोला बन जाती है। मार्च अप्रैल के महीने में रबी सीजन की फसलें पककर तैयार हो जाती है। इन्ही मौसम में फसलों की कटाई का कार्य भी होता है। अग्नि हादसे होने पर स्थानीय स्तर पर दमकल वाहन की सुविधा नहीं मिलने से अधिक नुकसान होता है। आग लगने पर जिला मुख्यालय से ही दमकल वाहन की सुविधा मंगानी पड़ती है। 50 से 70 किमी की दूरी तय करने में घंटों का समय लग जाता है। जब तक सुविधा मुहैया हो पाती है तब तक सब कुछ स्वाहा हो चुका होता है।

### लोगों ने कई बार की है मांग

तहसील क्षेत्रों में बस स्टैण्ड एवं दमकल वाहन की सुविधा को उपलब्ध कराने कई बार मांगे उठ चुकी है। हर बार बस आश्वासन देकर ही मामले को शांत कर दिया जाता है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी दृढता से प्रयास नहीं कर रहे हैं।



## सब्बल से पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद पति फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनगवां के खड़खड़ा मोहल्ला में रहने वाले एक दंपत्ति के बीच आपसी कहा सुनी खूनी वारदात में बदल गई। दरअसल पति और पत्नी के बीच किसी बात को लेकर वाद विवाद शुरू हुआ। विवाद बढ़ा तो पति का पारा चढ़ और सने सब्बल मारकर पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी पति जंगल की ओर भाग गया। घटना की जानकारी लगते ही बड़वारा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम धनगवा खड़खड़ा मोहल्ला निवासी गोविंद सिंह गोंड का विवाद किसी बात को लेकर उसकी पत्नी 55 वर्षीय झन्ना बाई से हो गया। दोनों के बीच घर के बाहर आपसी कहा सुनी हो रही थी इसी दौरान आवेश में आकर पति गोविंद सिंह ने पत्नी पर सब्बल से जोरदार प्रहार कर दिया। सब्बल के घातक प्रहार के कारण पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पत्नी को मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी पति जंगल की तरफ भाग गया। हत्याकांड के बाद आरोपी पति की तलाश में पुलिस जगह-जगह छापामार कार्यवाही करती रही लेकिन उसके बावजूद आरोपी पकड़ा नहीं जा सका। हत्या की घटना के बाद जंगल की तरफ भाग गया। आरोपी को पकड़ने के लिए बड़वारा पुलिस के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### ईद पर्व को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में रहा उत्साह

## अकीदत के साथ मनाई गई ईद, देश में अमन चैन और तरक्की की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

पाक रमजान माह में इबादत के बाद सोमवार को उमरियापान क्षेत्र में ईद उल फितर (ईद)का पर्व अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। उमरियापान के अँधेलीबाग स्थित ईदगाह में सुबह साढ़े 8 बजे मुस्लिम भाई एकत्रित हुए। ईदगाह में सैकड़ों लोगों के एक साथ ईद की नमाज अदा की।परिवार के साथ क्षेत्र में अमन ,चैन,शांति और तरक्की की दुआ की। एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने पुलिस कर्मियों के साथ उमरियापान, परसेल, घुघरी, कछारगांव छोटा सहित अन्य गांवों और मस्जिदों में पहुँचकर स्थिति जानी। लोगों को ईद की मुबारकबाद दी।इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने घरों में खीर, सेवइयां,दूध फैनी सहित अन्य पकवान बनाए।परिवार के साथ अन्य लोगों को भी सेवइयां खिलाई।पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में ज्यादा उत्साह देखने को मिला। सोशल मीडिया पर भी सुबह से लोंगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।पर्व को लेकर पूर्व मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इरफान खान ने बताया कि ईदगाह और मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। बाजारों में रौनक देखने को मिली।उन्होंने ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि हम दुआ करते हैं कि अल्लाह हमारे मुल्क में अमन चैन कायम रहे।



ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि थाना क्षेत्र के कटरिया, भोपार, उमरपानी, गनियारी, सनकुई में भी अकीदत के साथ ईद का पर्व मनाया गया। क्षेत्र में शांति का माहौल रहा है। सिलौंडी चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने बताया कि नेगई और बरहटा में भी मुस्लिम भाइयों ने सुबह ईद की नमाज पढ़ी और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

### शार्ट सर्किट से लगी आग से गेहूं की फसल हुई खाक



सिलौंड़ी के किसान अनिल हल्दकार पिता फागूराम हल्दकार ने बताया कि अमेहटा हार में डेढ़ एकड़ की गेहूं की फसल लगी खड़ी थी। कटाई होने की तैयारी थी इसी बीच शॉर्ट सर्किट के चलते फसल में आग लग गई। किसानों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से आग को काबू में किया अन्यथा सैकड़ो एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता था। आग लगने से किसान को आर्थिक रूप से नुकसान हुआ है।

## आकर्षक झांकियों के साथ नगर में निकली गणगौर शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को नगर में राजस्थान समाज एवं महिला मंडल के तत्वाधान में गणगौर का जुलूस निकाला गया। राजस्थान भवन से गर्ग चौराहे से निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं और समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए। गणगौर पर्व चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि से आरंभ होता है इसमें कन्या मिट्टी के शिव यानी गण और माता पार्वती यानी गौर बनाकर विधि विधान से पूजा करती हैं। गणगौर का त्योहार स्त्रियों के लिए अखंड सौभाग्य की प्राप्ति का पर्व है। महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और कुंवारी कन्या श्रेष्ठ व की कामना के लिए गणगौर पर्व का विधि विधान से पूजन करती हैं शाम को सूर्यास्त के बाद गणगौर को पानी पिलाने के बाद जलाशय एवं तालाबों और कुओं में विसर्जित करने का विधान है। गणगौर पर आयोजित जुलूस राजस्थान भवन गर्ग चौराहे से आरंभ होकर ज्वाला चक्की कपड़ा खेरमाई मढ़यिा,गहोई धर्मशाला आजाद चौक शेर चौक होते हुए जगन्नाथ मंदिर में जुलूस का समापन किया गया राधा कृष्ण और शिव पार्वती का नित्य जुलूस में आकर्षण का केंद्र है इसके साथ ही जीवंत झांकियां भी जुलूस में शामिल हुई जगह-जगह पुष्प वर्षा से जुलूस का स्वागत किया गया।



### तीन माह की अवधि के लिए राजस्व सीमा से किया निष्कासित

## जिला दंडाधिकारी ने आदतन अपराधी के विरुद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने थाना माधवनगर, इंदिरा ज्योति कालोनी हाउसिंग बोर्ड हाल पता अमकुही निवासी 24 वर्षीय आदतन अपराधी अभय उर्फ लंगी चौधरी पिता सुरेंद्र चौधरी के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्यवाही करते हुए 3 माह की अवधि के लिए कटनी एवं समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित कर दिया है।

कलेक्टर श्री यादव ने अभय के विरूद्ध यह जिला बदर की कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर की है। अभय चौधरी के विरूद्ध वर्ष 2016 से 2023 तक उद्देश्य की पूर्ति हेतु गाली गलौच करने, मारपीट कर चोट पहुंचने, जान से मारने की धमकी देने, अवैध हथियार रखने, सट्टा खिलाने जैसे प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के अधीन 12 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए है। इनमें अन्य गंभीर धाराओं का भी उल्लेख है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। विगत तीन वर्षों में अभय के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत धारा 294, 323, 324 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किए गए है। अभय के विरुद्ध आपराधिक अभित्रास ,अश्लील कार्य करना, स्वेच्छया उपहति कारित करना सहित बी एन एस के अधीन अपराध भी पंजीबद्ध है, जिसमें जिसमें अजमानतीय, आजीवन कारावास या जुर्माना का प्रावधान विहित है।

अभय की आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने के बाद भी उसमें कोई सुधार नहीं हुआ। अभय की आपराधिक गतिविधियों एवं कृत्यों के कारण आमजन का स्वच्छंद विचरण करना मुश्किल होने के साथ ही क्षेत्र के आम नागरिक दैनिक जीवन के कृत्यों को सामान्य रूप से करने मे असहज महसूस करने लगे। अभय की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने अभय उर्फ लंगी चौधरी के विरूद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया की राजस्व सीमाओं से 3 माह के लिए निष्कासित कर दिया है।

आदतन अपराधी अभय उर्फ लंगी को न्यायालय में नियत पेशी पर उपस्थित होने की अनुमति रहेगी। लेकिन इसकी लिखित सूचना संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में देनी होगी तथा पेशी होने के तुरंत पश्चात इस न्यायालय के आदेश का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

### शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों में प्रवेशोत्सव आयोजन संबंधी दिए निर्देश

## जिले में स्कूल चलें हम अभियान आज से होगा प्रारंभ, होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरुआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शिक्षा विभाग के सभी मैदानी अधिकारियों सहित जिला परियोजना समन्वयक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोजित किए जाने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य स्थानीय जन-प्रतिनिधियों , पंचायत पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों और पंच सरपंचों अवश्य आमंत्रित करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की जाय। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें।

कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रह रहे चिन्हित बच्चों का शाला में अवश्य नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी करें।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम

कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित किया है कि स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में "भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये और ये आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व से अवगत कराने और प्रेरणादायी कहानियाँ बच्चों को सुनायेंगे।इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे।

### स्कूलों में सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियाँ

स्कूल चलें हम अभियानष के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

### हार के आगे जीत

स्कूल चलें हम अभियानष के अंतर्गत 4 अप्रैल को ऐसे छात्रों को चिन्हित किया जायेगा, जो किन्हीं वजहों से कक्षोन्नति प्राप्त करने में असफल हो गये हैं। पालकों को इन बच्चों की आगे की पढ़ाई के लिये समझाइश दी जायेगी। उन्हें बताया जायेगा कि असफल होने के बाद भी लगातार प्रयास से अच्छा भविष्य तैयार किया जा सकता है।

इस वर्ष एक अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है।



## रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्राली को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

रेत का अवैध रूप से परिवहन करने पर खितौली चौकी पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। चौकी प्रभारी खितौली उप निरीक्षक के.के.पटेल ने अपने स्टाफ प्रधान आरक्षक सीताराम आर. आशीष पटेल आर दिलीप कोल सैनिक मोहन यादव , सैनिक बृजेश सिंह एवं राजस्व टीम के साथ मिलकर अवैध रेत का परिवहन कर रहे गुड्डू उर्फ जितेंद्र सिंह पिता स्वर्गीय गावेंद्र सिंह निवासी सलैया सिहोरा का ट्रैक्टर एवं ट्रॉली है। ड्राइवर अजीत भूमिया पिता बब्बू भूमिया निवासी सलैया सिहोरा के कब्जे से जप्त किया। चौकी प्रभारी ने बताया कि यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई।

## खबर संक्षेप



### एक दूसरे के गले मिल कर ईद की दी मुबारकबाद

**कटनी।** आदर्श कॉलोनी स्थित ईदगाह में ईद उत फितर की विशेष नमाज अता की गई। यहां पर बड़ी संख्या में सुबह से मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे और नमाज अता करने के साथ एक दूसरे को गले लगाकर ईद पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं मिशन चौक नगीना मस्जिद में भी सैकड़ों लोगों ने विशेष नमाज अता करते हुए अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी। शहर की एक दर्जन मस्जिदों में सुबह से नमाज अता करने बड़ी संख्या में समाज लोग पहुँचे। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी नमाज अता कराई गई और लोगों ने एक दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। ईदगाह में एसडीएम प्रदीप मिश्रा,सीएसपी ख्याति मिश्रा सहित कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा मौजूद थे। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने लोगों को ईद पर्व की शुभकामनाएं दी तो वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी ईदगाह व मिशन चौक पहुंचे और मुस्लिम समाज को पर्व की शुभकामनाएं दी।

### भजन समारोह एवं होली मिलन का आयोजन

**कटनी।** हिन्दू नववर्ष पर बस ऑपरेटर एसोशिएशन के तत्वावधान में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर होली मिलन एवं भजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शक्ति की आराधना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, एसडीएम प्रदीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व प्रसासनिक अधिकारियों, पत्रकारों की उपस्थिति रही। इस दौरान आयोजित भक्ति गीतों की श्रंखला के वीच अतिथियों का स्वागत कटनी बस ऑपरेट एसोशिएशन के अध्यक्ष शुभप्रकाश मिश्र व बस ऑपरेटर एशोसिएशन के पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर फूलों की होली खेली गई सभी ने एक दूसरे से गले मिल कर हिन्दू नववर्ष, रंग भरी होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में नंदू खंताल बाल बजरंग रामायण समिति ओर उनकी टीम ने भक्ति गीतों से उपस्थिति जनो को भाव विभोर कर दिया।

### मरीजों को बांटे फल

**कटनी।** हिंदू नव वर्ष पर राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया एवं जल्द स्वस्थ होने की कामनाएं की। इस दौरान संगठन के डॉ सेवाराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष वा जिला अध्यक्ष कटनी ,प्रकाश चंद जैन जिला उपाध्यक्ष ,कै सी महोबिया बारिश सलाहकार , संतोष चतुर्वेदी,पीयूष त्रिपाठी , उत्तम पटेल आदि उपस्थित रहे।

### घंघरीकला में विभिन्न स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत घंघरी कला में जल स्त्रोत्रों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्राम वासियों सहित जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हरदुआ के सेक्टर प्रभारी अनिल गौतम एवं दृष्टि मानव विकास समिति देवडोंगरा के सेक्टर प्रभारी मनीष पांडेय का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विदित हो कि रविवार से जिले में प्रारंभ हुए जल संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं जन समुदाय के सहयोग से जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार, गहरीकरण, साफ सफाई एवं अन्य कार्य किए जा रहे है।

## टैक्स जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के विरूद्ध जारी किये गए हैं कुर्की वारंट

# इंडस्ट्रियल एरिया में सदलबल कुर्की के लिए पहुंचा नगर निगम अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

टैक्स जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध नगर निगम द्वारा अब सख्ती के साथ वसूली करने कार्यवाही की जा रही है। टैक्स जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के विरूद्ध तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही भी की जा रही है। सोमवार को इंडस्ट्रियल एरिया मदन मोहन चौबे वार्ड में कार्रवाई करते हुए नगर निगम की राजस्व टीम ने पुरे दलबल के साथ पहुंची जहाँ पर मप्र नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 174 के तहत डिलाइट टेंट इंडस्ट्रीज़ मनजीत सिंह निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 2,52,624 की बसूली के लिए कार्यवाही की गईं मौक़े पर मौजूद नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों नें उद्घोषणा करते हुए करदाता कों कुछ टाइम का समय दिया जिसके बाद सीलबंदी करने की कार्यवाही की बात कही गईं। कुछ समय के पश्चात डिलाइट टेंट इंडस्ट्रीज़ के प्रोपराइटर मनजीत सिंह निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड मौक़े पर उपस्थित होकर बकाया कर का अमाउंट जमा करने अपने वकील की मौजूदगी में बकाया कर का चैक प्रदान किया।



चेक मिलने के उपरांत सीलबंदी की कार्यवाही रोकी गई। इसी तरह से मे.विवेक सेल्स कॉरपोरेशन प्रो. विवेक सरावगी निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 1,86,809 पर भी कार्यवाही की गईं।

### आधा दर्जन कुर्की वारंट जारी

जानकारी के अनुसार 28 मार्च को नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम अधिनियम की धारा 175 के तहत बड़े बकायादारों कर नहीं चुकाने पर 6 कुर्की वारंट जारी किए हैं। मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 174 के तहत गनेश मिनरल, निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 2,77,400, जगन्नाथ पुत्र काशीप्रसाद निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 3,18,501 ,जिला उद्योग केंद्र प्रो संजय बजाज निवासी नेहरू वार्ड बकाया राशि 3,37,884, अंसारी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 6,02,736, मे.विवेक सेल्स कॉरपोरेशन प्रो. विवेक सरावगी निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 1,86,809, एवं डिलाइट टेंट इंडस्ट्रीज़ मनजीत सिंह निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 2,52,624 को तामील सूचना में मांग की गई, इनमे कुछ बकायादारों द्वारा बकाया राशि सूचना तामील किये जाने के उपरांत चुकाई गई है,परन्तु कुछ बकायादारों नें कार्यवाही के उपरांत भी कर जमा नहीं किया जिसमे मे.विवेक सेल्स कॉरपोरेशन प्रो. विवेक सरावगी निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 1,86,809, एवं डिलाइट टेंट इंडस्ट्रीज़ मनजीत सिंह निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बकाया राशि 2,52,624 थी जिसकी वजह से निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वार उपरोक्त बकाएदारों के विरुद्ध संपत्ति कुर्की वारंट जारी कर उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार को वारंट प्राधिकृत अधिकारी बनाकर 31 मार्च 2025 तक सभी संबंधितो की संपत्ति कुर्की करने हेतु अधिकृत किया गया है।

इस दौरान उपायुक्त पी.के अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्र सहा यंत्री एवं दल प्रभारी सुनील सिंह, आदेश जैन आदि की उपस्थिति रही।



# 400 पाव देशी शराब जब्त दो आरोपितों को पकड़ा

### रीठी पुलिस ने ग्राम धनिया मार्ग में जांच के दौरान पकड़ी शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी पुलिस ने बीती रात बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर आटो से हो रही शराब की तस्करी मामले में पुलिस ने आटो जब्त करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने जब ऑटो को रोक कर चेक किया तो ऑटो में भरी शराब देखकर सभी के होश उड़ गए। पुलिस ने शराब तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए अवैध शराब एवं ऑटो को जप्त कर लिया है। थाना प्रभारी राखी पांडे ने बताया कि मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर 30 मार्च की रात लगभग 11 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम धनिया रोड के समीप पुलिया के पास संदिग्ध अवस्था में ऑटो को रोका गया।

ऑटो में सवार सिंघाई मोहल्ला रीठी निवासी 21 वर्षीय राजा खान पिता अब्दुल गफ्फार खान एवं 40 वर्षीय वीरेंद्र सिंह ठाकुर पिता पवन सिंह ठाकुर को हिरासत में लेते हुए ऑटो के अंदर रखी 400 पाव देसी शराब एवं ऑटो को जप्त किया गया। कार्यवाही में पुलिस ने ऑटो सहित लगभग डेढ़ लाख का माल जप्त किया है।

आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### महाविद्यालय में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागृति तथा लोगों की भागीदारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्कों भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने के लिए जागरुकता कार्यक्रमों के अंतर्गत भाषण, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजन किया गया।



जिनमें विद्यार्थियों ने सहभागिता कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण से संबन्धित अपने अपने विचार व्यक्त किए । इको क्लब प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि जल, पर्यावरण एवं प्रकृति को संरक्षित और सुरक्षित रखना हमारी पहली जिम्मेदारी एवं नैतिक दायित्व है। जो कि जनभागीदारी के बिना संभव नहीं है हम अपने दैनिक जीवन के छोटे छोटे कार्यों के माध्यम जैसे पानी, बिजली, गैस तथा अन्य इधनो का कम एवं समुचित प्रयोग, सार्वजनिक वाहनों का उपयोग, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करके, वृक्षारोपण कर उनकी देखभाल, जैविक कृषि आदि माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभा सकते है ।श्री कैश अंसारी ने बताया कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामाजिक जागरूकता एवं सामूहिक प्रयास किया जाना आवश्यक है सरकार या अंतर्राष्ट्रीय संगठन चाहे कितना भी प्रयास कर ले किन्तु जल एवं पर्यावरण का संरक्षण जन जागृति के बिना अपूर्ण एवं असंभव लगता है। जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थानीय निकायों के साथ ही आम नागरिकों की भी सहभागिता आवश्यक है। जैसे यदि कोई व्यक्ति पर्यावरण को गंदा या नुकसान पहुंचा रहा है तो दूसरा मूकदर्शक न बना रहे बल्कि उस पर चिंतन करें और ऐसा होने से रोके अन्यथा इसका दुष्परिणाम सभी को सहना पड़ेगा ।

### अब मैं जानी, देह बुढ़ानी नाटक का हुआ मंचन



संप्रेषणा नाट्य मंच कटनी के कलाकारों ने गत शाम ऑर्डनेंस फैक्ट्री स्थित नाट्य गृह में जयवंत दलवी रचित संध्या छाया से प्रेरित नाटक अब मैं जानी देह बुढ़ानी का शानदार मंचन किया। जिसमें एक बुजुर्ग दंपत्ति की जीवन यात्रा है अपने पूरे जीवन काल में अपने बच्चों के लिए अपना सर्वस्व लुटाने वाले दंपत्ति अपने अंतिम समय में किस प्रकार से अपने बच्चों के वियोग में अंतिम सांस गिनते है जिसने दर्शकों को दीर्घकालिक युग के यात्रा सूत्र में बांध दिया। कलाकारों का बेहतरीन अभिनय, सुंदर संगीत संयोजन, एक घर की मंच सज्जा एवं निर्देशक की पारखी परिकल्पना से दर्शक दीर्घा रोमांचित एवं गंभीर हो उठी।

# बैठक में रामनवमीं पर निकलने वाली शोभायात्रा की बनाई गई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हिंदू उत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी समाजो कि उपस्थित रही। बैठक में 6 अप्रैल दिन रविवार को रामनवमी के दिन निकलने वाले विशाल शोभायात्रा की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें कटनी के सभी समाजों के द्वारा अनेकों चलित एवं सजीव झांकियो को शोभायात्रा में शामिल किए जाने की स्वैप प्रेरणा से घोषणा की गई।

रामनवमी में बच्चों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए रामसेविका महिला मंडल द्वारा रामनवमी के पूर्व अनेकों प्रतियोगिताओं का आयोजन करना तय हुआ है। महिला मंडल द्वारा ऐसी जानकारी दी गई की शोभायात्रा में महिलाओं द्वारा भारतीय परिधानों में विभिन्न समझो के द्वारा हिंदू सनातन संस्कृति के नृत्य को करते हुए शोभायात्रा में अपनी सहभागिता दी जाएगी।

विधायक संदीप जयसवाल के द्वारा शोभायात्रा में सभी तरह के सहयोग करने का आश्वासन दिया गया तथा उनके द्वारा विगत वर्षों से किए जा रहे शोभायात्रा के साथ सफाई अभियान के सहयोग को भी इस वर्ष किए जाने का आवाहन कटनी शहर के सभी समाजो को किया। गहौई समाज, जैन समाज, विश्वकर्मा समाज , जायसवाल समाज, सोनी समाज, राजस्थानी समाज, क्षत्रिय समाज, आदि समाजों ने शोभायात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने एवं शोभायात्रा के स्वागत के तैयारी से अवगत कराया। हिंदू उत्सव समिति के संस्थापक सदस्य श्री दीपक टंडन जी ने पूरे शहर की जनता से हमारे आराध्य भगवान राम के अवतरण दिवस पर दिवाली मनाने का आवाहन किया। हिंदु समिति के अध्यक्ष श्री मथुरा प्रसाद सोनी एवं सचिव आशीष गुप्ता ने शहर की जनता से आवाहन किया की अपने अपने घरों द्वारों में बंधरवार बंदे एवं 11 दिए जलाकर प्रभु राम का स्वागत करें। 6 अप्रैल को शोभायात्रा मेन स्टेशन से शुरू होकर सुभाष चौक ,सराफा बाजार, शेर चौक आजाद चौक से होते हुए समीर राम मंदिर गटरघाट में समाप्त होगा। समिति शहर की जनता से आवाहन करती है कि अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होकर प्रभु राम भक्ति का अमृत ग्रहण करें।

### महापौर ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

# बाबा घाट से मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग के डामरीकरण से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कायाकल्प अन्तर्गत बाबाघाट से मंगल नगर तक वैकल्पिक मार्ग बनकर तैयार हो गया है,जिससे अब लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।वैकल्पिक मार्ग ना होने से लोगों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था,जिससे इस समस्या के निराकरण हेतु लगभग 29 लाख कि लागत से उक्त मार्ग में डामरीकरण कार्य कराया गया है।कार्य पूर्ण होते ही रविवार की शाम महापौर प्रीति संजीव सूरी क्षेत्रीय पार्षद शकुंतला सोनी के साथ इस मार्ग का जायज़ा लेने पहुँची।

इस दौरान स्थानीय जनों द्वारा मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग हेतु महापौर सूरी को धन्यवाद दिया।



विदित हो महापौर श्रीमती सूरी ने कायाकल्प के तहत इस रोड को पिछले वर्ष ही बनवाना चाहा था,किंतु उक्त स्थल पर नाला ना होने के कारण रोड खराब होने की संभावना को देखते हुए उन्होंने उक्त सड़क डामरीकरण कार्य को काफी समय तक रोककर लगभग 60 लाख की लागत से नाले का प्रस्ताव बनवाकर पहले स्थल पर नाले का कार्य पूर्ण कराया तत्पश्चात सड़क निर्माण कराया गया है।

### शहर में हो रहे विकास कार्य

महापौर ने सभी स्थानीय जनों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्य हेतु मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ,सांसद विष्णुदत्त शर्मा ,भाजपा के सभी वरिष्ठ जनों एवं क्षेत्रीय पार्षद को धन्यवाद दें जिनके कुशल मार्गदर्शन एवं सफल प्रयासों से शहर में विकास कार्य हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि 100 मीटर रोड पर कार्य नहीं कराया जा सका चूँकि वो रेलवे के आधिपत्य में हैं ,इसके लिए वे स्वयं रेलवे एरिया मैनेजर से बात करके पूरे प्रयास करेंगी की वहाँ पर भी कार्य कराया जा सके।

इसके बाद उन्होंने स्थानीय देवी मंदिर में पहुँच माँ भगवती के दर्शन कर नगर उन्नति एवं मंगल की कामना की। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, ठेकेदार सचिन दुबे भी मौजूद रहे।

### खेर माता परिसर के जल कुंड की श्रमदान कर की गई साफ़ -सफाई

# समन्वित प्रयास से ही सफल होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में कलेक्टर दिलीप यादव के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत पिपरिया में बड़वारा विधायक श्री धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिशिर गेमावत के विशिष्ट आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस दौरान खेर माता परिसर के बाहर बने जल कुंड की श्रमदान कर साफ़ - सफाई कर जन सहभागिता से जल संवर्धन का संदेश दिया




इस दौरान जनपद पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष जगदीश उरमलिया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अखिल पांडेय, नितिन पांडेय, समाजसेवी हर्ष द्विवेदी, जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह एवं ग्राम सरपंच भारती सूरज सिंह चौहान की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण के से किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए संपूर्ण जनपद क्षेत्र में शासन और समाज के समन्वय से किए जाने वाले जल संवर्धन के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

जिला पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिशिर गेमावत ने अपने उद्बोधन में कहा की मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कटनी जिले में गांव-गांव में चलाई जाने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान में शासन के साथ-साथ समाज की सहभागिता से हम अधिक से अधिक जल संरक्षण कर पाएंगे, इसलिए सभी उपस्थित जन यह संकल्प लें कि वे जल संवर्धन के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता अवश्य देंगे, साथ ही उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन की कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में जन जागरूकता अभियान चलाते हुए समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा, तत्पश्चात नवीन जल संरचनाओं का निर्माण, जल स्त्रोतों की मरम्मत और जीर्णोद्धार, भूजल संवर्धन, जल स्त्रोतों की साफ सफाई और गहरीकरण संबंधी कार्य किए जाएंगे।

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री अखिल पांडेय ने पूर्ण समर्पित भाव से समुदाय की सहभागिता का आह्वान करते हुए प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु उपस्थित जनों से अपेक्षा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचार व्यक्त करते हुए बड़वारा विधायक श्री धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा की जल संरक्षण का प्रयास प्रत्येक घर में होना जरूरी है। जिसके लिए प्रत्येक घर में सोख्ता गड्ढों का निर्माण आवश्यक है। जिससे अधिकतम वर्षा जल को संचित किया जा सके और अपने भविष्य के लिए सुरक्षित किया जा सके। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास में भी सोख्ता गड्ढों के निर्माण, सार्वजनिक स्थानों ,धार्मिक स्थलों में अधिकतम पौधारोपण करने का जन समुदाय से आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने किया।

# बूथ स्तर पर सुनी गई पीएम की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात कल माह के अंतिम रविवार को पूरे अंचल में सुनी गई। इस अवसर पर लोगों ने बेहद उत्सुकता से घरों दुकानों सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न संचार माध्यमों से प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उसे आत्मसात किया। मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी रवि खरे ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष दीपक सोनी के मार्गदर्शन में बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

जिले के मुड़वारा, दीनदयाल उपाध्याय, माधवनगर, निवार, कटनी ग्रामीण, एनकेजे, बड़वारा, पान उमारिया, सिलौड़ी, ढीमरखेड़ा, विलायतकला, देवरीहटाई, बरही, कैमोर, विजयराघवगढ़, सिंनगौड़ी, कांटी, पिपरियाकला,खितौली, बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, रीठी, देवगांव, बिलहरी, बाकल, कुआं में मन की बात कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित हुआ। श्री खरे ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के 120 वे एपिसोड को संबोधित किया। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को चैत्र नवरात्र, उगादि, विषु पर्व और गुड़ी पड़वा की बधाई दी, इस दौरान पीएम मोदी ने अलग-अलग भाषाओं में विभिन्न त्योहारों की देशवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज बहुत पावन दिन पर मुझे आपसे 'मन की बात' करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने महुआ के फूल का भी जिक्र किया उन्होंने महुआ फूल के बढ़ते उपयोग पर बात की।

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि के दूसरे दिन देवी माँ को जल अर्पण करने पहुंचे श्रद्धालुजन

तेंदूखेड़ा। रविवार को नवरात्र के व्रत प्रारंभ होने के बाद दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालु भक्तजनों का ताता नगर के देवी मंदिरों सुबह 4 बजे से जल अर्पण करने के लिए पहुच रहा है श्रद्धालुजन माता के जयकारे लगाते तहसील स्थित खेरमाता, पुरानी खेरमाता, ज्वाला देवी मंदिर हुए नगर के महाकाली मंदिर पहुच रहे है जहां देवी माँ को जल अर्पण करने के पश्चात उनकी पूजा अर्चना कर रहे हैं नगर का वातावरण नवरात्रि के चलते धर्ममय हो चुका है नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है. देवी के इस रूप को माता पार्वती का अविवाहित रूप माना जाता है. इसके अलावा मां ब्रह्मचारिणी को ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है. मां ब्रह्मचारिणी का मतलब है तप का आचरण करने वाली ।

गले मिलकर दी एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद

# सजदे में झुके हजारों सिर, ईद की नमाज अता कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

इबादत के महिने रमजान की समाप्ति के बाद मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा त्योहार ईद उल फितर सोमवार को नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार की शाम चांद के दीदार होने पर नगर की जामा मस्जिद से सोमवार को ईद मनाए जाने का ऐलान किया गया। जहां सुबह 8:30 बजे नगर सहित क्षेत्र के हजारों की तादाद में मुस्लिम भाई शास्त्री वार्ड में सुनार नदी के तट पर स्थित ईदगाह मस्जिद मैं एकत्रित हुए जहां जामा मस्जिद के पेश इमाम इमरान रजा द्वारा सामूहिक रूप से ईद की नमाज अता कराई गई एवं देश में अमन चैन, खुशहाली, भाईचारे और सुख समृद्धि के लिए दुआ की गई। ईद की नमाज के साथ ही लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। 30 दिन तक रोजे रखने के बाद रोज पांच वक्त की नमाज अता करने के बाद इंसान के



सारे गुनाह माफ हो जाते है, जिसकी खुशी ईद के अवसर पर मुस्लिम भाइयों के चेहरे पर झलकती दिखाई दे रही थी। इस दौरान ईदगाह मस्जिद के सदर ने भी ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि जिंदगी का हर पल खुशियों से कम न हो, आपका हर दिन ईद के दिन से कम न हो, ऐसा ईद का दिन आपको हमेशा नसीब हो जिसमें कोई दुख कोई गम न हो।

### ईद पर रहे सुरक्षा की इंतजाम

ईद उल फितर के त्यौहार को लेकर ईदगाह मस्जिद में सामूहिक नवाज के दौरान सुरक्षा एवं शांति-व्यवस्था हेतु एसडीम राकेश मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष के अलावा पुलिस बल की मौजूदगी रही, इस दौरान मुख्य सड़क से ईदगाह तक जाने वाले रास्ते पर सुगम अवागमन के लिए मुख्य सड़क के किनारे वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कराई गई थी जिससे आने-जाने में किसी को परेशानी न हो। नवाज उपरांत सभी अधिकारियों ने मुस्लिम भाइयों को ईद उल फितर की बधाइयां दी।

### दिन भर चलता रहा दावतों का दौर

ईद की नमाज अता करने के बाद से सभी मुस्लिम बंधुओं ने एक दूसरे से गले मिलकर बधाईयां व मुबारकबाद दी वही हिंदू भाइयों द्वारा भी मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वही मुस्लिम परिवारों में एक दूसरे के घर पहुंचकर मीठी सिवैयों के व्यंजनों की दावत कर मीठा मुंह कराया गया इसके अलावा हिंदू भाइयों को भी दावत दी गई जो सिलसिला दे रात तक चलता रहा।

## सांसद से कार्यकर्ताओं ने की केंद्रीय विद्यालय की मांग



तेंदूखेड़ा। दमोह लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद राहुल सिंह लोधी का सोमवार को दमोह से जबलपुर जाते समय नगर में अल्प प्रवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर नगर के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधुओ ने पुष्पाहार पहिनाकर सांसद का स्वागत किया,सभी कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्नेहपूर्ण भेंट की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष और युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन ने सांसद से तेन्दूखेड़ा की बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की मांग को रखा।जिस पर सांसद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से इस बावत मांग करते हुये शीघ्र पूर्ण कराने आश्वस्त किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ठा.मूरत सिंह ,नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ परम-सिंह नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव युवा नेता राहुल ठाकुर पूर्व सरपंच गोविंद सिंह लोधी गुटटी दादा सुरेंद्र सेन ,सत्यम जैन ,जालम सिंह लोधी ,गजराज यादव ,देवराज लोधी ,कमलेश साहू ,राजाराम पाल ,बुट्टनन चक्रवर्ती कुलदीप उपाध्याय की उपस्थिति रही।

## ईद पर मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह में पड़ी नवाज



गैसाबाद। मुस्लिम भाइयों का पवित्र ईद का त्यौहार हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया सुबह 9ः बजे हाफिज साहब द्वारा ईदगाह में ईद की सामूहिक नमाज पढ़ी गई ,ईद की इस खुशी पर मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक बाद दी इस अवसर पर समाज के सदर मगन शा, मजीद खान ड्राइवर यासीन खान, रहीस खान, मुन्ना खान, मकबूल खान ,एजाज खान आजाद खान सहित प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, एसआई गोदन प्रसाद कुर्मी ,हेड कांस्टेबल अरविंद तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार, हल्का पटवारी विनोद पटेल आदि की उपस्थिति रही।

# कचरा उठाने की बजाय आग लगाकर कर रहे नष्ट, फैल रहा प्रदूषण

### नगर परिषद के सफाई कर्मियों की मनमानी जारी, अधिकारी भी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान आदिशक्ति के भक्त सुबह 4 बजे से ही मां दुर्गा को जल अर्पण करने के लिए नगर में स्थित विभिन्न मंदिरों में पहुंच रहे हैं साथ ही नगर के लोग सुबह की ताजी हवा खाने के लिए भी मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं लेकिन नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा जलाया जाने वाला कचरा लोगों को परेशानी का कारण बना हुआ है दरअसल सुबह के समय नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा मुख्य सड़कों एवं गलियों में साफ सफाई हेतु झाड़ू लगाना प्रारंभ किया जाता है और उनके द्वारा झाड़ू लगाकर कचरे का ढेर बना दिया जाता है। जिसे फेंकने की बजाय बाद में आग लगा दी जाती है। कचरे के जलने से



उसमें से निकलने वाले धुएं से लोगों को बड़ी दिक्कत हो रही है साथ ही प्रदूषण फैल रहा है कचरे में प्लास्टिक, कांच, कागज, पॉलीथिन सभी प्रकार का वेस्टेज मेटेरियल रहता है जिनके जलने से निकलने वाला धुआं बेहद जहरीला होता है लोग सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलते हैं और जो श्रद्धालु मंदिर जा रहे हैं उन्हें भी इस धुएं से तकलीफ होती है वहीं वातावरण भी प्रदूषित होता है। नियम के तहत कचरे को उठाकर एक जगह फेंकना होता है। नगर परिषद द्वारा कचरा फेकने के लिए वार्ड क्रमांक 9 में सीएम राइज स्कूल के पास ट्रचिंग प्लांट ग्राउंड बनाया गया है। इसके लिए नगर परिषद में करीब 8 कचरा वाहन भी चल रहे हैं। जिनपर हजारों रुपए डीजल हर महीने खर्च होता है। फिर भी सफाई कर्मी कचरा जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### आग से बढ़ रहा प्रदूषण

नगर में जहां-तहां लगे कचरे को नियम तहत उठाकर परिषद द्वारा चिन्हित स्थान पर फेंका जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है अधिकतर जगह इस कचरे में आग लगाकर नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे प्रदूषण भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा इस कचरे को व्यवस्थित रूप से संग्रहित कर निष्पादित करने के बजाए कई जगह डस्टबिन और कचरे के ढेरों में आग लगा दी जाती है। जिससे प्रदूषण तो बढ़ता ही है वहीं अब गर्मियों का मौसम शुरू होने से आग बढ़ने का खतरा भी बना रहता है थाने जाने वाले मार्ग में लगे कचरों के ढेर में अल सुबह 4 बजे नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा आग लगा दी गई। इस दौरान आग की लपटें दूर तक दिखाई देती है।



### चैत्र नवरात्र तक रात में ही लगाई जाए झाड़ू

वहीं नगर के लोगों की मांग है कि नगर परिषद द्वारा नगर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए और लोगों की सेहत की चिंता करते हुए नगर में नवरात्र पर्व के चलते नगर के सभी वार्डों और मुख्य मार्गों पर रात में ही साफ सफाई और झाड़ू लगाई जाए क्योंकि सुबह से लोगों जल अर्पित करने मंदिरों के लिए जाते हैं तो झाड़ू लगाते समय उड़ती धूल से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर लोगों की मांग है कि नवरात्र पर्व तक सभी जगहों पर रात में ही साफ सफाई कराई जाए जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

### मवेशियों के लिए कचरे के ढेर बन रहे खतरा

वहीं व्यापारियों द्वारा सड़कों पर फेंका गया कचरा न केवल गंदगी, दुर्गंध का कारण बन रहा है, बल्कि मवेशियों के लिए भी जान का दुश्मन बना गया है क्योंकि इस कचरे के साथ लोग खाद्य सामग्री सहित जहरीली सामग्री भी फेंक रहे हैं। साथ ही कांच की सामग्री, कीले आदि नुकीली चीजें भी फेंकी जा रही हैं। जिन्हें खाकर मवेशियों की जान पर बन सकती है। गौरतलब है कि स्वच्छता अभियान के तहत नगर की सड़कों, प्रमुख चैराहों में बने अस्थाई कचरा घरों को समाप्त कराने के प्रयास नगर परिषद द्वारा किए गए हैं। जिसमें अस्थाई कचरा घरों में कचरा फेके जाने पर जुर्माना आदि की बात लिखकर भय दिखाने का प्रयास भी किया गया। लेकिन इसका फायदा भी ज्यादा नहीं हुआ है क्योंकि जुर्माना तो दर्शाया गया है पर आज तक किसी पर लगाया नहीं गया है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सीएमओ प्रेम सिंह चौहान का कहना है कि सफाई कर्मी कचरा नहीं जला सकते हैं यदि सफाई कर्मियों द्वारा कचरा जलाया जाता है तो ये गलत है मैं इसकी जांच करवाता हूं।

## रामलला सरकार का दरबार सजा



हटा। हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ पर रविवार को चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा के अवसर पर विगत बर्ष की भांति इस बार भी नगर के तीनबत्ती तिगड्डा मार्ग पर जय बजरंग बली मढिया समिति के सदस्यो द्वारा भगवान रामलला सरकार का भव्य दरबार सजाया गया है जहां भगवान श्रीराम की दिव्य मूर्ति को विधि विधान से स्थापना कराई गई। नगर के बीचों बीच राय चौराहा से तीनबत्ती तिगड्डा मार्ग पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर एवं प्रकृतेष्वर महादेव के बीच आर्कषक पांडाल सजाकर उसमें रामलला का दरबार सजाया गया जिसमें भगवान श्रीराम की मूर्ति को रविवार की रात्रि ढ़ोल नगाड़ों के साथ जयश्री राम के जयघोष करते हुए सदस्यो द्वारा रामलला दरबार की मूर्ति को स्थापना स्थल लाया गया जहां आचार्य पंडित द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर स्थापना की गई। नवरात्र के पावन पर्व पर सजे रामलला के दरबार को देखनें प्रथम दिवस से ही बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं की भीड़ दर्शनों के लिए उमड़ रही है।

## तेंदूखेड़ा जमा मस्जिद में अदा की ईद उल फितर की नमाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

रमजान के आखिरी रोज को चाँद दिखते सव्वाल का माह प्रारम्भ होता हैं सव्वाल कि पहली तारीख को मनाई जाती है ईद उल फितर इसी सिलसिले में जब आसमान पर चाँद नज़र आया तो सभी ने ईद के चाँद की एक दूसरे को मुबारक बाद दी और सोमवार के दिन सुबह 10:00 बजे सभी मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की--नगर में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी ईदुल फितर का त्यौहार बड़ी ही खुशहाली के साथ मनाई गई। जिसमे सभी समुदाय के लोगो ने ईद के मौके पर गले मिलकर भाईचारे के साथ एक दूसरे को मुबारक बाद दी और अमन चैन की और खुशहाली की दुआ मांगी। जिसमे पेसिमाम साहब खालिद रजा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मो, समी खान ( नत्थू भाईजान ) उपाध्यक्ष हाजी डॉ,अब्दुल अजीज साहब अब्दुल सलाम खान अब्दुल खलील खान अब्दुल कलाम ( सोनू खान ) एंजी. साविर खान शोएब खान इदरीश खान हैदर हुसैन जाफरी रहीश खान भूरा खान सलीम बेग एवं सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बावडी में की साफ सफाई



तेजगढ़। जबेरा विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत की तेजगढ़ ग्राम पंचायत मैं राजा तेजी सिंह की नगरी में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान तेजगढ़ बावड़ी का भी निरीक्षण कर संबद्धित अधिकारियों को बावडी की साफ सफाई व मरम्मत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद तेजगढ़ में जल गंगा संवर्धन के तहत कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन सरकार के जनप्रतिनिधियों के मंशा अनुसार 30 मार्च 2025 को तेजगढ़ बाबडी की साफ सफाई का उद्घाटन धर्मेंद्र सिह लोधी मंत्री जी के छोटे भाई नितेंद्र सिंह ने किया। इसके अलावा राजा तेजी सिंह की और भी धरोहर तेजगढ़ में अभी भी मौजूद हैं जैसे हाथी दरवाजा, किला, राजा के रहने का स्थान, ऐसे महत्वपूर्ण स्थान भी मरम्मत चाह रहे हैं। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा एसडीओ एच के राज जनपद पंचायत के सीईओ मनीष बागरी रहे। इसी दौरान सीओ साहब से मोहल्ले के व्यक्तियों और महिलाओं ने रास्ता बनवाने की और पानी की परेशानी की गुहार लगाई जिसको बनवाने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत द्वारा 8 -10 माह पूर्व पानी निकासी की नाली बनवाई गई जो आज भी खुली पड़ी है। और दुर्घटना को न्योता दे रही है। इसके संबंध में तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत के सीईओ बागरी साहब से पूछने पर साहब ने कहा यह काम पंचायत का है। ऐसे महत्वपूर्ण काम आज भी अधूरे पड़े है। इस अवसर पर तेजगढ़ मंडल के अध्यक्ष संग्राम सिंह, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष भारत सिंह, पूर्व सरपंच पहारी सिंह, डॉ अनूप सिंह, इंजीनियर भरत प्रदीप जैन, सरपंच जाहर सिंह, अनिल विश्वकर्मा, रामकुमार शर्मा तेजगढ़ सरपंच.प्रतिनिधि विनंजय सेठ, सचिव आनंद जैन, सचिन जुगराज सिंह,ओर जनप्रतिनिधि कर्मचारी और जनता मोजूद रही।

## फूलन देवी माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ और श्रीराम कथा का आयोजन

बनवार। चैत्र नवरात्रि और राम नवमी के अवसर पर फूलन देवी माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ और श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 2 से 11 अप्रैल तक चलेगा। रामकथा का वाचन बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी द्वारा किया जाएगा। साथ ही, शारदा धाम मैहर से प्रसिद्ध आदर्श रामलीला मंडल द्वारा सुंदर रामलीला का मंचन किया जाएगा। फूलन देवी के पुजारी श्री संतोष पंडा ने बताया कि यह आयोजन समस्त ग्रामवासी और क्षेत्रवासियों द्वारा किया जा रहा है। फूलन देवी की कृपा से यहां की मान्यता है कि सच्चे मन से भक्त जो भी मनोकामना मांगता है, मैया सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। निसंतान को संतान का सुख देती हैं और जीवन में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो उसकी भी मुक्ति का मार्ग प्रदान होता है।

# कथा का श्रवण दिलाता है पापों से मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर तेंदूखेड़ा के गौरैया घाट स्थित बड़ी खेर माई मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का आज तृतीय दिवस भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में आज अन्नाधिवास की प्रक्रिया पूरी की गई, जबकि कल पंचमी तिथि को बहुप्रतीक्षित कलशारोहण का कार्यक्रम संपन्न होगा। स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।श्रीमद् देवी भागवत कथा का शुभारंभ सुबह मंगलाचरण और पूजन के साथ हुआ। आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण (पद्धति) से इसके बाद अन्नाधिवास का विधान संपन्न किया गया, जिसमें अनाज को पवित्र जल से अभिषिक्त कर मंडप में स्थापित किया गया। यह प्रक्रिया अनुष्ठान की पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भजनों से वातावरण गुंजायमान रहा। आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने अन्नाधिवास



के महत्व को विस्तार से समझाते हुए कहा, "अन्न जीवन का आधार है और अन्नाधिवास के माध्यम से हम मां भगवती से समृद्धि और सुख-शांति की कामना करते हैं।

तृतीय दिवस की कथा में पंडित राष्ट्रीय प्रवक्ता रामनयन जी महाराज ने श्रीमद् देवी भागवत पुराण के उन प्रसंगों का वर्णन किया, जो मां दुर्गा की उत्पत्ति और उनकी अलौकिक शक्तियों को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि कैसे मां भगवती ने देवताओं की प्रार्थना पर महिषासुर का संहार कर धर्म की स्थापना की। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारों के साथ अपनी भक्ति प्रकट की। कथावाचक ने यह भी कहा कि "श्रीमद् देवी भागवत कथा का श्रवण न केवल पापों से मुक्ति दिलाता है, बल्कि जीवन में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।"

अनुष्ठान में वर्णित यजमान भूपत यादव पंचायत सचिव, शोभाराम नामदेव,(मदन भैया) सुधीर पटेरिया, उदयराम राय, बाला साहू, सुदामा साहू, हल्ले भाई यादव, बती बाई लोधी, अयोध्या बाई, कुसुम रानी साहू ने कहा, "यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संजोने का एक प्रयास है। हर दिन सैकड़ों लोग कथा सुनने और मां के दर्शन के लिए आ रहे हैं।" स्थानीय निवासी अंजनेय शर्मा (बिट्टू)ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, "इस कथा से मन को शांति मिलती है और मां भगवती के प्रति श्रद्धा और गहरी होती है।

# चौंसठ योगिनी माता के साथ सर्व देव की पूजन एक ही स्थान पर



बनवार। बनवार ग्राम में स्थित क्षेत्र की खेर माता मंदिर में चैत्र नवरात्र पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां मंदिर के मुख्यद्वार पर शिव शक्ति गणेश की प्रतिमाएं विराजमान हैं तो अंदर प्राचीन चौंसठ योगिनी प्रतिमा विराजमान हैं। जिनकों ग्राम की कुलदेवी खेर माता के रुप में लोग पुरातनकाल से पूजते हैं। मंदिर की प्राचीनता का अंदाजा यहां पर मंदिर में प्रवेश करते ही बगल से विष्णु बाराह अवतार नरसिंह अवतार संकट मोचन की अति प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान है वहीं दक्षिण मुखी हनुमान जी विशाल प्रतिमा के साथ साथ श्री राम लक्ष्मण जानकी राधा कृष्ण दरबार भी मंदिर में सजाया गया है मंदिर दशकों पहले बनकर तैयार हो गया था मंदिर में भक्तों के लिए एक स्थान पर सर्व देव के दर्शन पूजन का अवसर मिलता है यह मंदिर गांव ही नहीं बल्कि क्षेत्र के प्रमुख आस्था के केंद्र रूप में विकसित हो गया है सर्व देव बनवार के खेर माता मंदिर को बनवाने के लिए ग्रामीणों की श्रद्धा भक्ति दान से अंतिम रुप देने में तकरीबन दो दशक से भी अधिक समय लग गया। जहां पर हर हिंदू धार्मिक पर्वो पर अनुष्ठान, पूजन पाठ के लिए मंदिर में पर्याप्त इंतजाम जन सहयोग से होते है। श्रद्धाभक्ति के प्रतीक बने मां खेर माता दरबार में बीते वर्षो में श्री राम राधा कृष्ण दरबार का निर्माण किया गया चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर विविध धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। और हिंदू धर्म के हर पर्व यहां श्रद्धालु ओ का भक्ति उल्लास दिखाई देता है और हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेले में चौथे दिन बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**दमोह।** पुस्तक मेले की सफलता को देखते हुए चौथे दिन स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में अभिवावकगण पुस्तक एवं अन्य सामग्री खरीदने पहुंचे दुकानों पर खरीदारी करने आ रहे हैं। शहर सहित आसपास के लोग पुस्तक मेले में आ रहे हैं जहां एक और सरलता से लोगों को पुस्तके उपलब्ध हो रही हैं।

### प्राचीन बावड़ी की सफाई की गई

**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ समन्ना में बाबड़ी पूजन एवं सफाई अभियान के साथ किया गया। ग्राम पंचायत समन्ना द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 30 मार्च को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धर्मेंद्र पटैल, ईस्वर सिंह, निखिल सिंह, सुखराम, सुग्रीव पटैल, नीरज पटेल, सब इंजीनियर सौरभ ठाकरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण की उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्रीकांत नेहरू एवं राजकुमार सेन द्वारा जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत बाबड़ी में सफाई एवं संरक्षण हेतु श्रमदान किया गया।

### जटाशंकर पार्क के पास लगाया हाट बाजार

**दमोह।** दमोह जिले के जन प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार 17 वां जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार रविवार को भी विगत रविवारों की भांति प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास जैविक/प्राकृतिक खेती से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद क्रय-विक्रय हेतु हाट-बाजार लगाया गया।

## चैत्र नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमाओं की हुई स्थापना



**बनवार।** जबेरा जनपद क्षेत्र के बनवार में जहां चैत्र नवरात्रि में शारदीय नवरात्रि की तरह दुर्गा प्रतिमा की स्थापना को तीन दशक हो गए है तो चोपरा चंडी के पटी में दशवां वर्ष है। वही जबेरा के प्रसिद्ध नरसिंह देवालय में मां दुर्गा एवं नोहटा बल खंडन माता मंदिर परिसर में पहली महाकाली की प्रतिमा की स्थापना चैत्र नवरात्रि की बैठकी को की गई है। शारदीय नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना करके नौ दिनों पूजन करने की परंपरा प्रचलन में है लेकिन जबेरा जनपद क्षेत्र के गांव गांव चैत्र नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा स्थापना की परंपरा धीरे धीरे प्रचलन में आ रही है। जो कि मां की भक्ति के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था को प्रगट कर रही है। शारदीय नवरात्रि की तरह चैत्र नवरात्रि में भी पूरे नौ दिन तक शक्ति की भक्ति आराधना में नित्य पूजन महा आरती जागरण की व्यवस्था दुर्गा उत्सव समितियां के द्वारा की गई है। नवमी को हवन पूजन भंडारा दसवे दिन दशहरा चल समारोह के साथ रात्रि जागरण के विविध धार्मिक आयोजन के वाद माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

शार्ट सर्किट के कारण हुआ हादसा, मोहड़ ग्राम का मामला, 50 हजार से अधिक का हुआ नुकसान

# ट्रैक्टर ट्राली में भरी गेहूं की लाक तार की चपेट में आने से जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

गर्मी आते ही आगजनी की घटनाएं घटित होने लगती है बीत एक महीने में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर आगजनी की घटनाएं घटित हो चुकी है और साथ ही तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के चारों वन परिक्षेत्रों के जंगलों में भी कई हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो चुके हैं साथ ही खेत खलिहानों में भी आगजनी की घटनाएं हो रही है सोमवार को भी तेंदूखेड़ा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहड़ में सुबह करीब 11 बजे एक किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसान राकेश सेन खेत से गेहूं की कटाई के बाद फसल को ट्राली में भरकर घर ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में एक ट्रांसफॉर्मर के पास बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ



इससे निकली चिंगारी ट्राली में भरी फसल पर गिर गई कुछ ही देर में फसल से धुआं निकलने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने ट्रैक्टर चालक को सूचना दी गांव के लोगों ने कुप्पों में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। ट्रैक्टर चालक महेंद्र लोधी ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए ट्राली को एक स्थान पर ले जाकर फसल को पलट दिया। इससे आग का गांव तक फैलना रुक गया किसान राकेश सेन के अनुसार, इस हादसे में उनकी करीब 50 हजार रुपए से अधिक की फसल जलकर नष्ट हो गई। ट्रैक्टर चालक लोधी की सतर्कता से कोई जनहानि नहीं हुई और गांव में आग नहीं फैल पाई।

### हर साल होती है आगजनी की घटनाएं

वहीं क्षेत्र में हर साल बिजली के तार के शार्ट सर्किट या फिर फाल्ट या फिर अन्य वजह से फसलों में आग लगने के मामले हर साल सामने आते हैं। इससे किसानों को पांच महीने की मेहनत पलभर में आगजनी में राख हो जाती है। अब फिर से किसानों में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए चिंतित नजर आने लगे हैं। किसानों का कहना है कि खेतों में इस समय फसल पककर तैयारी खड़ी है तो कहीं कहीं कटाई भी हो चुकी है तो कहीं कहीं अभी कटाई होना बाकी है एक चिंगारी बड़ी आग का कारण बन सकती है। इससे वह चिंतित भी नजर आ रहे हैं पिछले साल ही तेन्दूखेड़ा ब्लॉक में 20 से अधिक जगहों पर फसल में आग लगने की घटनाएं सामने आई थी। किसानों का कहना है कि बिजली विभाग के अधिकारियों को जिस जगह बिजली के तार झूल रहे हैं उनकी मरम्मत करना चाहिए। जिससे कि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकें।

## शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त

उपकाशी में चारों ओर गूंज रहे मां के जयकारे



### जल अर्पित करने माता के मंदिरों में लग रही लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पतित पावनी पुण्य सलिला सुनार के तट पर बसी उपकाशी नगरी हटा में रविवार को हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत्सर 2082 एवं चैत्र नवरात्र का श्रीगणेश किया गया। नवरात्रि में मां दुर्गा के नव स्वरूपों की आराधना देवी भक्तों द्वारा शुरू की गई। प्रथम दिवस से ही हटा के मां चंडी जी मंदिर, शीतला माता मंदिर, कलेही माता के अलावा अन्य देवी दिवालों में माता के भक्तों द्वारा श्रद्धा आस्था व निष्ठा के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। पूरे शहर में भक्तिमय उल्लास का वातावरण देखा जा रहा है। सात्विक जीवन शैली अपनाकर भक्ति उपवास रखकर दिन भर माता की आराधना में डूबे हैं।

### प्रातः काल जल अर्पित करने लग रही लंबी कतारे-

मातारानी की आराधना व जल अर्पित करने नगर में अल सुबह से ही श्रद्धालु देवी मंदिरों में पहुंच रहे हैं नवरात्रि के दूसरे दिवस सुनार नदी के तट पर विराजमान शीतला माता मंदिर व चंडी जी मंदिर में माता को जल चढ़ाने लंबी-लंबी कतारें देखी गई जो नगर व इलाके के भक्तों के लिए हमेशा से ही आस्था का केंद्र है। वही नगर के लोगों ने बताया कि मां शीतला के दरबार में मनमोहन प्रतिमा के दर्शन करने मात्र से मन्नत पूरी हो जाती है। शीतला माता का मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। इसी के साथ नगर के सुप्रसिद्ध मां चंडी जी मंदिर में अल सुबह से लेकर देर रात्रि तक मां के दर्शन पूजा हेतु श्रद्धालुओं का ताता लगा रहता है संध्याकालीन 8:30 बजे संगीतमय आरती के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। नवरात्रि पर रोजाना मां चंडी माता का अलौकिक श्रृंगार किया जाता है पूरा मंदिर रंग बिरंगी झिलमिलाती लाइटों के साथ जगमगा रहा है वहीं प्रशासन द्वारा भी मंदिर में भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं सुबह शाम एसडीओपी प्रशांत सिंह थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष द्वारा पहुंचकर मंदिर व आसपास की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने पुलिस बल को निर्देशित किया जा रहा है। इसके अलावा मंदिर प्रबंधन कमेटी द्वारा भक्तों कतारबद्ध दर्शन कराने की सुविधा, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल प्रसाद आदि की व्यवस्था की गई है। वही मंदिर के बाहर परिसर में नारियल प्रसाद, माता का श्रृंगार, पूजन सामग्री आदि की दुकानें सजी हई है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद उल फितर, गले लगाकर दी मुबारकबाद



### अल्लाह का एक कलमा ही सारी दुनिया के मुसलमानों को ईमान की डोरी में एक किये है - मुनव्वर रज़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

देश और दुनियाँ के साथ दमोह जिले में भी ईद उल फित्र का पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। ईद उल फितर की नमाज़ फुटेरा तालाब स्थित दमोह की ईदगाह मस्जिद में सोमवार सुबह 8 30 बजे पढ़ी गई जहाँ जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफ़ज़ि मुनव्वर रज़ा साहब ने ईद की नमाज़ पढ़ाई खुतवा पढ़ा हाफ़ज़ि मुनव्वर रज़ा साहब ने अपनी तकरीर में कहा कि अल्लाह का एक कलमा सारी दुनियाभर के मुसलमानों को ईमान की डोरी में



एक किये हुए है और यही ईमान का रिश्ता भी है नमाज़ के बाद हाफ़ज़ि साहब ने मुल्क में अमन चैन की दुआएँ माँगी गई । इसके अलावा शहर दमोह की अनेक मस्जिदों में भी ईद की नमाज़ पढ़ी गई । इस मौके पर शहर दमोह ईदगाह मस्जिद कमेटी अध्यक्ष आज़म खान ने समस्त जिले वासियों को ईद उल फितर की मुबारकबाद दी साथ ही जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन नगरपालिका दमोह के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को ईद के पर्व की मुबारकबाद देते हुये ईद की इस ख़ुशी में प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग के लिए आभार माना है। यह जानकारी इम्तियाज़ चिश्ती ने प्रदान की ।

## अवैध खनन कर खोद डाले तालाब

**पथरिया।** क्षेत्र में अवैध कारोबार इतने चरम पर चल रहे है लेकिन उसके बाद भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को कोई ध्यान नही आखिर हो भी क्यों सब चहेते लोग कर रहे हैं कार्यवाही के नाम पर कई बार चर्चा अधिकारी स्वयं करते थे कि क्या करें। रेल्वे द्वारा



तीसरी लाइन के लिए ग्राम बेलखेड़ी में अवैध रूप से मुरम का खनन किया जा रहा था जिसकी शिकायत की गई, तो खनिज विभाग के अधिकारी ने विगत दिवस मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई जहां 3 डंफर व 2 कोकलेन मशीन जब्त की, एसजीएस कंपनी जो कि रेल्वे की तीसरी लाइन का काम कर रही है लेकिन सोचने वाली बात कि जिस पंचायत में इतना खनन हो रहा उस पंचायत से ठेकेदार ने अनापत्ति प्रमाण पत्र तक नही लिया। वही इस संबध में बेलखेड़ी सरपंच उन्नति विकास मुखरैया का कहना है कि रेल ठेकेदार द्वारा पंचायत से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नही लिया और खनन जारी है।

## झूलेलाल जयंती महापर्व चेटीचंड बड़ी धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सिंधी समुदाय का पर्व चेटीचंद बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। दमोह नगर के सिंधी समाज के द्वारा नववर्ष के रूप में मनाया जाने वाला चेटीचंड उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 11 दिवसीय रंगारंग एवं धार्मिक कार्यक्रम अखो 6बजे से 7:30 बजे तक प्रतिदिन, सुबह 9 बजे एवं रात्रि 10 बजे आरती ,चालीसा पाठ भजन कीर्तन एवं पल्लव प्रार्थना चुनाव के 21 मार्च 2025 शुक्रवार महा आरती रात्रि 10:00 बजे दिनांक 22 मार्च 2025 शनिवार इसकी टोपी उसके सर प्रतियोगिता शाम 5:00 बजे (सिर्फमहिलाओं के लिए) कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रात्रि आरती के पश्चात (सिर्फ पुरुषों के लिए) दिनांक 23 मार्च रविवार फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रात्रि 10:00 बजे उम्र 3 वर्ष से 6 वर्ष तक दिनांक 24 मार्च सोमवार कवि दरबार शाम 5:00 बजे सिर्फ महिलाओं के लिए दिनांक 25 मार्च मंगलवार सिंधु महोत्सव मेला शाम 7:00 बजे मुंबई के मशहूर सूफी



गायक उदय भगत की भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति दिनांक 26 मार्च बुधवार 1 मिनट प्रतियोगिता रात्रि आरती के पश्चात सिर्फ पुरुषों के लिए दिनांक 27 मार्च गुरुवार ग्रुप डांस प्रतियोगिता रात्रि 10:00 बजे से उम्र 5 से 12 वर्ष दिनांक 28 मार्च शुक्रवार मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता शाम 5:00 बजे सिर्फ महिलाओं के लिए रात्रि महा आरती 10:00 बजे दिनांक 29 मार्च शनिवार विशाल वाहन रैली सुबह 9:30 सिर्फ महिलाओं के लिए लेडिस संगीत शाम 7:00 बजे 10 10 तत्पश्चात फ्री चौपाटी दिनांक 30 मार्च रविवार इष्ट देव श्री झूलेलाल भगवान का जल अभिषेक सुबह 8:00 बजे महा आरती एवं पल्लव प्रार्थना 9:00 बजे विशाल वाहन रैली टू व्हीलर फोर व्हीलर सिर्फ पुरुषों के लिए पूज्य श्री बहराणा साहब की पूजा अर्चना दोपहर 12:00 बजे तत्पश्चात 56 भोग केक सजाओ प्रतियोगिता दोपहर 12:30 बजे आम भंडारा दोपहर 1:00 से 3:00 बजे तक पूज्य श्री बहराणा साहब की शोभायात्रा एवं ज्योति विसर्जन शाम 4:00 बजे झूलेलाल जयंती के महापर्व पर इसमें सिंधी समाज के लोगों ने जगह जगह झांकियां निकाली और नृत्य कर जश्न को उत्साह पूर्वक मनाया। दिन भर चले सभी कार्यक्रमों मे देश प्रदेश की खुशहाली आयो लाल झूलेलाल की जय कारों कर सिंधी समाज पंचायत दोपहर बहराणे साहब की विशाल भव्य शोभा यात्रा मैं जगह-जगह स्वागत रंग बिरंगी रोशनियों के बीच संस्कृत कार्यक्रम कई जगहों पर व्यापारियों द्वारा स्वागत के लिए ठंडा जल शरबत स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। बहराणे साहब की शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर से प्रारंभहोकर सिंधी कैंप भ्रमण कर तीन गुल्ली स्टेशन चौराहा घंटाघर टॉकीज चौराहा पुरैना तालाब में बहराणे साहब की पूजा अर्चना पंडित महेश शर्मा द्वारा पल्लव कर ज्योति विसर्जन किया गया।

## कांग्रेसजनो ने ईद की मुबारकबाद दी

दमोह। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेसजनों के साथ फुटेरा वार्ड स्थित ईदगाह मैदान पहुंचकर मुस्लिम भाईयो को ईद की मुबारकबाद दी। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि इस महापर्व पर मुस्लिम भाईयों को जो अपना त्यौहार बड़ी ही सादगी से एवं मर्यादित होकर मनाते है उन्हें बहुत ही प्रसन्नता होती है उनके गले लगकर मुबारक बाद दी। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि हमारे समाज में अनेको जाते है और सबके त्यौहार अलग अलग है लेकिन सबकी इंसानियत एक है सब का मजहब एक है वह है एक दूसरे के काम आना लेकिन कुछ फिरकापरस्त पार्टिया हमे आपस में लड़ाने का प्रयास करती है। इस अवसर पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा, आशीष पटेल, राजा रौतेला, रोशन नायक सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## पटेरा में की गई बावड़ी की सफाई

**दमोह।** नगर परिषद पटेरा के वार्ड क्रमांक 08 में बावड़ी की सफाई जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई की गई। इस दौरान बावड़ी की सीढ़ियों का मलवा साफ किया गया। पानी में चोई, पॉलिथीन आदि को निकाल कर बावडी के ऊपर चारों तरफ का कचरा ट्रॉली में भरकर कचरे का निस्तारण किया गया। आज के सफाई अभियान में आमजनों ने सहभागिता कर श्रमदान किया गया। अभियान में पार्षद गण, उपयंत्रि, नगर के गणमान्य नागरिक, जन अभियान की नवांकुर संस्था के सदस्य, नगर परिषद के अध्यक्ष, सफाई कर्मियों ने मिलकर श्रमदान किया।

## न्यायाधीशों ने उपजेल का किया निरीक्षण, कैदियों से हुए रूबरू



**हटा।** जेल में निरुद्ध बंदियों को शान द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ सहित विभिन्न समस्याओं को जानने उपजेल हटा का रविवार की दोपहर माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश श्री आनंद कुमार तिवारी, जिला न्यायाधीश श्री जितेंद्र नारायण सिंह, श्री राममनोहर सिंह दांगी, पंकज शर्मा जिला न्यायाधीश एवं ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान उपस्थित न्यायाधीशों ने जेल में बंद कैदियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी जहां चर्चा के दौरान कोई भी शिकायत व समस्या नहीं पाई गई। इसके उपरांत न्यायाधीशों ने जेल के विभिन्न कक्षों एवं हालों का निरीक्षण कर जेल परिसर में लगाई गई बागवानी के कार्य की सराहना की गई और गर्मी से बचाव के सुझाव दिए गए। वही न्यायाधीशों द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों का क्रियान्वयन पाया गया स्वच्छता एवं मुलाकात की व्यवस्था समुचित पाई गई। निरीक्षण के दौरान ऐसा कोई भी बंदी नहीं पाया गया जो विधिक सहायता से वंचित हो सभी व्यवस्थाएं सम्यक पाई गई। निरीक्षण के दौरान जेलर नागेंद्र चौधरी सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा।

## सदभाव से मनाई ईद उल फितर



### ईद की विशेष नमाज के बाद खुशहाली की दुआ मांगी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

रमजान शरीफ के तीस रोजे.पूरे होने के बाद मनाया जाने वाला ईद उल फितर पर्व नगर में आपसी सदभाव पूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सबसे पहले नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मुस्लिम भाई स्थानीय ईदगाह मस्जिद में एकत्रित हुए । जहां पर सुबह 8:30 बजे नूरी फरीदी मस्जिद के पेश इमाम हाफिज व मौलाना जनाब इरफान रजा खान साहब द्वारा ईद उल फितर की विशेष नमाज अदा कराई गई । साथ ही नमाज के बाद तमाम आलमें इंसानियत अपने मुल्क व बस्ती के हक में अमन , शांति ,भाईचारा, खुशहाली, तरक्की, कामयाबी की आमीन की सदा के साथ सामूहिक दुआ मांगी गई। नमाज के बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने कब्रिस्तान जाकर अपने घर के मरहूमों के हक में दुआ मांगी । एवं इसके बाद गमज़दा परिवारों में जाकर के मरहूम के परिजनों के साथ ईद की खुशियां बाटी। और गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर ईदगाह परिसर में मौजूद सुधांशु चौबे, रामेश्वर ठेकेदार, एसडीओपी रघु केसरी, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, आर आई आशाराम पटेल, संदीप यादव पटवारी,,राजू खटीक, जगदीश सिंह, एडवोकेट नरेंद्र अठया, एसआई जागेश्वर साहू, आदि ने मुस्लिम भाईयों को गले लगा कर ईदुल फित्र की मुबारक बाद दी।

## एफएलएन मेला का हुआ समापन




**पथरिया।**-नगर में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला सीएम राइज 2 कैंपस पथरिया में एफएलएन मेला का शुभारंभ मां सरस्वती का चंदन तिलक लगाकर पुष्प माल अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर मेला प्रारंभ उपस्थित गणमान्य लोगों छात्रों की उपस्थिति में कक्षा पहली दूसरी के छात्रों का पंजीयन कराया शारीरिक विकास,बौद्धिक विकास,भाषा विकास ,गणित की पूर्व तैयारी,बच्चों का कोना स्टाइल लगाकर बच्चों की माताओं अभिभावक के लिए समक्ष उक्त लगाए गए काउंटर के अनुसार छात्र गतिविधियां कराई गई। उक्त मेले में संस्था प्रमुख कुंजीलाल पाली, श्रीमती कुसुम खटीक, सुदेश नायक, लक्ष्मण सिंह ठाकुर,अजय कुमार कोरी,श्रीमती रजनी अहिरवार,गुलाब गौड़, सविता पटैल,शैलेंद्र पटेल, अनिल अहिवार सुखलाल बंसल, पुरुषोत्तम सेन आदि गणमान्य लोगों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ।